## संक्षिप्त

### आदर्श नगर में भागवत कथा

**ब्यावर, (निसं)।** शहर के आदर्श नगर स्थित लक्ष्मी कुंज में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा में वृंदावन से पधारीं कथावाचक नूतन पांडे व्यासपीठ पर विराजित होकर ठाकुरजी की दिव्य लीलाओं का गुणानुवाद करेंगी। कथा के प्रथम दिन अमृत कलश यात्रा का आयोजन होगा। यह यात्रा आदर्श नगर स्थित सोमनाथ मंदिर से प्रस्थान कर कथास्थल लक्ष्मी कुंज पहुंचेगी। यहां कलश व व्यास पूजन कर कथा का शुभारंभ होगा। शुक्रवार को कथावाचक का ब्यावर आगमन हुआ। कथा के मुख्य यजमान रामकिशोर बडगोती, अश्वनी शर्मा, तरुण, अरुण व अन्य ने उनका स्वागत किया। सात दिवसीय कथा के दौरान ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म, गोवर्धन पूजा, रुक्मणि विवाह जैसे प्रसंग पर प्रवचन होंगे। कथा में कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए पूर्व आमंत्रित सदस्य ही भाग लेंगे।



### अवैध ठेलों पर कार्यवाही

**ब्यावर, (निसं)।** उपखंड अधिकारी व नगर परिषद आयुक्त के निर्देशानुसार ब्यावर शहर में विभिन्न जगह कार्रवाई की गई। कार्रवाई में नो मास्क नो एंट्री के तहत लोगों को समझाया और मार्ग अवरुद्ध कर अवैध रूप से खडे ठेले वालों को तहसील कार्यालय के बाहर से हटाया और हिदायत दी कि भविष्य में अतिक्रमण नहीं करें। यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाई में इंस्पेक्टर केसी मीणा, अतिक्रमण प्रभारी जुंझार सिंह, जमादार शिवराज चावरिया, लक्ष्मण तेजी, नीरज तर्क, कालूराम बारेसा, मुकेश दुलगच, दुलीचंद सागेला, रवि सांगेला, राजेंद्र पंडित, भानू पंडित सहायक जमादार युधिस्टर, आदि नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद थे।

### कांग्रेस पार्षद नौशाद मोहम्मद का स्वागत

**बिजयनगर, (निसं)।** केकड़ी चौराहा स्थित मदरसा राजनगर में कांग्रेस सेवा दल मसूदा विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस पार्षद नौशाद मोहम्मद का मनोनयन होने पर मुस्लिम समाज के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत सम्मान किया गया। मदरसा सदर और पार्षद मोहम्मद कुरेशी, पार्षद शहजाद मंसूरी, मास्टर अब्दुल हमीद बिसायती, अजीज उस्ताद, इमरान भाई कंपाउंडर, सद्दीक भाई मेवाती, हाजी फखरुद्दीन सिलावट, उस्मान खान पठान, शंभू खान पठान सद्दीक शाह व इकबाल भाई नीलगर सहित गणमान्य लोगों ने कांग्रेस पार्षद नौशाद मोहम्मद का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए उनके उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

### गाईड लाइन पालना का संदेश

**सरवाड़, (निसं)।** फ्लैग मोर्चा निकालकर कोरोना गाइडलाइन की पालना करने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च उपखंड कार्यालय से रवाना हुआ जो चमन चौराहा बस स्टैंड दरगाह बाजार सहित अन्य जगह से गुजरा इस मौके पर उपखंड अधिकारी तारामती वैष्णव, तहसीलदार राम कल्याण मीणा, अधिशासी अधिकारी रवि खन्ना व थाना प्रभारी गुमान सिंह सहित पुलिसकर्मी वह नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद थे। अधिकारीयों सहित कोरोना गाइडलाइन की पालना करने का संदेश दिया।

### ऑफलाईन आवेदन 15 जनवरी तक

**भीलवाडा, (निसं)।** सेठ मुरलीधर राजकय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक द्वितीय तथा तृतीय वर्ष (कला तथा वाणिज्य संकाय) में रिक्त स्थानों को भरने हेतु स्वयंपाठी छात्राओ से प्रवेश हेतु ऑफलाईन आवेदन पत्र भरवाये जा रहे है। इसकी अंतिम तिथि 15.01.2022 है। इच्छुक छात्राए इस अवसर का लाभ उठायें।

### लियाकत अली ब्लॉक अध्यक्ष

**ब्यावर, (निंस)।** अजमेर विकलांग सहायता समिति संरक्षक राजीव जोशी व जिलाध्यक्ष अन्नी कुरेशी के निर्देशानुसार जिला सचिव विमलेश पालडी वाला ने सामाजिक कार्यकर्ता व पुर्व पार्षद लियाकत अली का विकलांग सहायता समिति का ब्यावर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। समिति पदाधिकारियो ने नये अध्यक्ष लियाकत अली को विकलांग सेवा में तत्पर रहने का आग्रह किया।

# अध्यक्ष डॉ शिव सिंह राठौड़ ने आरपीएससी के नवाचारों से अवगत कराया

- यूपीएससी अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जोशी वीसी के जरिये उपस्थित रहे




**आरपीएससी की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आरपीएससी अध्यक्ष डॉ. शिव सिंह राठौड व उपस्थित विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोग अध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्जवलन से की गई।**

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग में संघ लोक सेवा आयोग सहित राज्य लोक सेवा आयोगों के राष्ट्रीय सम्मेलन की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत से पूर्व संक्षिप्त समारोह में राज्य लोक सेवा आयोग अध्यक्षों का प्रदेश की परंपरा अनुसार तिलक लगाकर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सदस्य राजकुमारी गुर्जर, रामू राम राईका, संगीता आर्य, जसवंत राठी, बाबू लाल कटारा, डॉ मंजू शर्मा द्वारा शॉल व बुके भेंट कर उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आरपीएससी अध्यक्ष व उपस्थित विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोग अध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्जवलन से की गई। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ लोक सेवा आयोग अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जोशी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में आरपीएससी अध्यक्ष को बैठक के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि नेशनल कांफ्रेंस की स्टैंडिंग कमेटी बैठक का आयोजन राजस्थान लोक सेवा आयोग में किया जा रहा है। नेशनल कांफ्रेंस विभिन्न मुद्दो पर चर्चा करने के साथ संघ लोक सेवा आयोग व राज्य लोक सेवा आयोगों की सवोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करने का मंच प्रदान करता है। स्टैंडिंग कमेटी द्वारा एजेंडे का निर्माण व नेशनल कांफ्रेंस में लिए गए निर्णयों को क्रियान्वित करने का व समीक्षा का कार्य किया जाता है। वर्तमान कोराना महामारी के दौर में परीक्षाओं व साक्षात्कारों का पूर्ण सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए आयोजन कराना निश्चित ही चुनौतीपूर्ण है। स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में इसके लिए मानक संचालन पद्धति पर भी चर्चा की जाएगी। डॉ जोशी ने कहा कि आयोगों का यह दायित्व है कि देश-प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था के संचालन के लिए कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार व समर्पित मानव संसाधन उपलब्ध कराए। बैठक में ई-गर्वनेंस, सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ाने, आयोगों के कार्य व्यवहार में एकरूपता, समन्वय स्थापित करने तथा समयबद्ध, पारदर्शी व निष्पक्ष कार्य प्रणाली के संवर्धन पर चर्चा गई। बैठक में गुजरात, गोआ, ओडिशा, तेलंगाना, अरूणाचल प्रदेश व के राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा केरल लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के तौर पर सम्मिलित हुए। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्षों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में भाग लिया।आरपीएससी के नवाचारों को स्टैंडिग कमेंटी ने नेशनल कांफ्रेंस के एजेंडे में शामिल करने का निर्णय लिया है। इसके माध्यम से आयोग के नवाचार राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किए जाएंगे एवं अन्य राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा भी इन्हें अपनाया जाएगा। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई।

## महिला पार्षद की मौत की जांच में पुलिस गहनता से जुटी

**भीलवाडा, (निसं)।** नगर परिषद के वार्ड 42 की पार्षद वर्षा दरियानी के सुसाइड केस में पुलिस अन्य पहलू पर भी जांच कर रही है। पुलिस मामले को संदेहास्प्रद मानते हुए मामले में हर एंगल को खंगाल रही है।

परिजनों ने पिछले कुछ महीनों से कमर दर्द से परेशान होने के कारण सुसाइड करना बताया था। परिजनों द्वारा बताया गया कि यह कारण भीमगंज पुलिस के गले नहीं उतर रहा है। मामले में पुलिस ने मृतका पार्षद और उसके पति के मोबाइल को जब्त कर कॉल डिटेल मंगवाई है। मामले में अब तक पार्षद के पीहर पक्ष द्वारा कोई मामला दर्ज नहीं करवाया गया है।

भीमगंज थाना प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि वर्षा कमर दर्द के चलते काफी समय से आरसी व्यास कॉलोनी स्थित फिजियोथेरेपिस्ट के पास जा रही थी। घटना के दिन मंगलवार को भी वर्षा का पति जितेंद्र उसे गाडी से फिजियोथेरेपी सेंटर छोडकर गया था। इसके बाद वर्षा गांधी सागर कैसे पहुंच गई। पुलिस इस मामले की भी जांच कर रही है।

## दिव्यांग बच्चों को भोजन कराया

**पुष्कर, (निसं)।** नवीन अवस्थी बनारस ने बंकैश सेन की प्रेरणा व अपने मित्र के सहयोग से ज्योतिर्गमय सेवा संस्थान पुष्कर के दिव्यांग बच्चों को भोजन करवाया। साथ ही 25 दिव्यागं बच्चों को आवश्यकतानुसार स्टेशनरी किट दिए। गणेश रावत को पैरा ओलंपिक में भाग लेने हेतु बैडमिंटन जूते और ड्रेस का पूरा सेट दिया गया। नवीन अवस्थी एवं बंकेश सेन की उपस्थिति में हुए इस सेवा कार्य हेतु संस्थान सचिव वेदप्रभा एवं लितिशा शर्मा ने आभार पत्र प्रदान कर धन्यवाद दिया। उक्त कार्य में प्रीतम ओझा शारदा सिंगोदिया, पुनीत गोड, रोहित प्रजापत, मनीष मेघवंशी, निर्मला वैष्णव, पुखराज टेलर, धारा सिंह ने सहयोग किया।

## नागौर को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवार्ड

**नागौर, (निसं)।** नागौर के अभियान सिलिकोसिस केयर को 'एक्सीलेंस इन गवर्नमेंट प्रोसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन' केटेगरी में 24 वें नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड से नवाजा गया।

यह अवार्ड केन्द्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी पृथ्वी विज्ञान, एटॉमिक एनर्जी, अंतरिक्ष विज्ञान तथा लोक शिकायत एवं पेंशन विभाग राज्य मंत्री जितेन्द्रसिंह व तेलंगाना के नगरीय निकाय, शहरी विकास उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के.टी. रामाराव तथा प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग भारत सरकार के सचिव वी श्रीनिवास ने जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी व उनकी टीम को शुक्रवार को हैदराबाद में आयोजित 24 वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस में प्रदान किया। अवार्ड के तहत नागौर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी व उनकी टीम को पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र और एक लाख रूपए की राशि का चैक राष्ट्रीय कांफ्रेंस में प्रदान किया गया।

## गुण सागर महाराज के विनयांजलि दिवस पर णमोकार महामंत्र का जाप



**सोनी जी की नसिया पर गुणसागर मुनिराज की 11 वी विनयांजलि दिवस पर णमोकार महामंत्र का जाप व भजन का कार्यक्रम हुआ।**

**अजमेर, (कासं)।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति अजमेर व श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर द्वारा सोनी जी की नसिया (सेठ साहब की नसिया) पर परम श्रद्धेय मुनिवर्य 108 श्री गुणसागर जी मुनिराज की 11 वी विनयांजलि दिवस के अवसर पर णमोकार महामंत्र का जाप व भजन का कार्यक्रम रखा गया

समिति अध्यक्ष अतुल पाटनी एवम महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि विनयांजलि कार्यक्रम में समिति सदस्यों,महिला महासमिति सदस्याओं के अलावा जैन समाज के धर्मावलंबियों ने श्रीजी के व मुनिराज के छायाचित्र के सम्मुख पंडित विशाल व महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के सानिध्य में 48 दीपक प्रज्ज्वलित कर भक्तामर पाठ किया गया उसके बाद श्रीजी एवम मुनिराज की बहुत ही भक्तिभाव से आरती की गई।

प्रवक्ता संजय जैन ने बताया कि इस अवसर पर अध्यक्ष अतुल पाटनी, संरक्षक राकेश पालीवाल, महामंत्री कमल गंगवाल, महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी,सर्वोदय कॉलोनी इकाई मंत्री रेणु पाटनी, शशि गंगवाल सुनीता जैन, रूबी जैन, चिंतामणि गोधा, अनुभा जैन, कनिका जैन, शिल्पा पाटनी, एशना जैन कोषाध्यक्ष श्रीयांश पाटनी, महेश गंगवाल, अशोक गोधा,अनिल पाटनी, मनीष पाटनी, संजय बाकलीवाल,अनिल गंगवाल, सुयोग जैन,पंकज गंगवाल, अक्षय सोनी, देवर्ष जैन, देवांग गंगवाल, तीर्थ पाटनी, भविक जैन सहित जैन समाज के महिला पुरुष ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# विधायक ने सीएचसी आसींद पहुंच चिकित्सा व्यवस्था जांची

- कोविड सेंटर एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं को देख स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया



**आसींद सीएचसी पर पहुंचकर विधायक सांखला एवं चिकित्सा प्रभारी वीके गोयल ने ऑक्सीजन प्लांट का अवलोकन किया।**

**आसीन्द, (निसं)।** शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक जब्बर सिंह सांखला कोरोना की तीसरी लहर एवं ओमिक्रान वेरिएंट के बचाव की तैयारियों को लेकर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसीन्द पहुंचकर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सीएचसी आसींद के 51 बेड ऑक्सीजन से जोड़ दिए गए हैं। विधायक सांखला ने बताया कि कोरोना के प्रदेश व जिले में बढ़ते मामलों को लेकर विधानसभा क्षेत्र आसींद के सीएचसी पहुंच चिकित्सालय में लगे नवीन ऑक्सीजन प्लांट का अवलोकन किया तथा ऑक्सीजन प्लांट संबंधित चिकित्सा प्रभारी वीके गोयल से इस संबंध में विस्तृत चर्चा की ओर ऑक्सीजन प्लांट की पाइप लाइन से बेड को जोड़ दिये गये है जिससे प्रत्येक मरीज को ऑक्सीजन मिल सके। साथ ही विधायक जब्बर सिंह सांखला ने सीएचसी पर बने 20 बेड के कोविड सेंटर का अवलोकन किया। ऑक्सीजन प्लांट को संचालित करने हेतु नवीन डीजी सेट चिकित्सालय परिसर में स्थापित कर दिया गया है। विधायक सांखला ने कोविड सेंटर एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं को देख स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीके गोयल ने बताया कि कोविड सेंटर में लगे बेड के अलावा जरूरत होने पर अन्य वार्ड में लगे बेड भी समायोजित कर दिए जाएंगे तथा किसी कारणवश ऑक्सीजन सप्लाई व्यवस्था सुचारू नहीं रह पाती है तो 20 ऑक्सीजन कंट्रक्शन एवं ऑक्सीजन सिलेंडर की इमरजेंसी व्यवस्था भी कर रखी है। चिकित्सालय की पूरी टीम तीसरी लहर को लेकर पूरी तरह से तैयार है। इस अवसर पर बी सीएमएचओ प्रीतम गुप्ता, पार्षद अनिल जी तँवर, नर्सिंग स्टाफ प्रभारी फारूक शेख, रामप्रसाद रेगर व शेर सिंह तँवर आदि मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा में हुई चूक के विरोध में भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन

- पीएम मोदी की दीर्घायु के लिए किया यज्ञ



**पीएम मोदी की सुरक्षा में हुई चूक के विरोध में भाजपाइयों ने प्रदर्शन करते हुए रोष जताया।**

**अजमेर, (कासं)।** भाजपा शहर जिला अजमेर द्वारा शुक्रवार को गांधी भवन स्मारक पर 5 जनवरी को पंजाब के फिरोजपुर में पीएम मोदी की सुरक्षा में हुई चूक के विरोध में पंजाब की कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया एवं भाजपा महिला मोर्चा अजमेर शहर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घ आयु की कामना हेतु महा मृत्युंजय मंत्र का जाप एवं यज्ञ किया गया। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष डॉ प्रियशील हाड़ा ने कहा कि फिरोजपुर में रैली के लिए जाते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले को फ्लाईओवर पर 15 से 20 मिनट तक रुकना पड़ा था, पंजाब के डीजीपी व गृह मंत्री दोनों को जल्द निलंबित किया जाना चाहिये।

पीएम को रिसीव करने के प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया,भाजपा ने यह भी सवाल उठाया कि पीएम का रूट किसने लीक किया? ऐसा करने में पंजाब सरकार ने इस बात की परवाह नहीं की कि पीएम को भगत सिंह और अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि देनी है और प्रमुख विकास कार्यों की आधारशिला रखना है,अपनी घटिया हरकतों से पंजाब में कांग्रेस सरकार ने दिखा दिया है कि वे विकास विरोधी हैं और स्वतंत्रता सेनानियों के लिए भी उनके मन में कोई सम्मान नहीं है,पीएम की सुरक्षा में चूक बेहद चिंताजनक बात है प्रदर्शनकारियों को प्रधानमंत्री के रास्ते में जाने दिया गया जबकि पंजाब के सीएस और डीजीपी ने एसपीजी को आश्वासन दिया था कि रास्ता साफ है, इस मामले पर जब पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन पर बात करने से इनकार कर दिया।

यह दुखद है कि पंजाब के लिए हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं को शुरू करने के लिए पीएम का दौरा बाधित हो गया लेकिन मोदी सरकार ऐसी घटिया मानसिकता को पंजाब की तरक्की में बाधक नहीं बनने देंगे और पंजाब के विकास के लिए प्रयास जारी रखेंगे। यज्ञ एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में सांसद भागीरथ चौधरी, विधायक वासुदेव देवनानी, जिलाअध्यक्ष डॉक्टर प्रियशिल हाड़ा, महापौर ब्रजलता हाडा, निकाय प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक धर्मेंद्र गहलोत, जिला महामंत्री संपत सांखला, रमेश सोनी, सरिता गेना, महिला मोर्चा शहर जिला अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव, अनीश मोयल,मुकेश खिंची, राहुल जायसवाल, रोहित यादव, रजनीश चौहान, मोहन लालवानी, हेमन्त सांखला, जे.के शर्मा, लीना विश्वा, लक्ष्मी यादव, सुनीता चौहान, संतोष शर्मा, कुसुम मिश्रा, नीतू मिश्रा,पुष्पा सिंह,रमा मिश्रा, रेणु दत्ता, प्रीति शर्मा, कृष्णा मेगनी, कृष्णा सोनी, तारा राजपुरोहित, सुनीता रानी, डिंपल शर्मा, नलिनी शर्मा, रूबी जैन, सीलम बेरवा, शकुंतला, विजयलक्ष्मी विजय व सरोज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### नलू में बच्चों के लिये जागृति केंद्र शुरू




**मदनगंज-किशनगढ, (निसं)।** बेयरफुट कॉलेज, तिलोनिया शोध एवं विकास संस्थान नलू की और से सेल्फ स्टडी सेंटर (जागृति केंद्र) का विधिवत शुभारंभ विधायक सुरेश टाक ने किया। समन्वयक छोटूलाल मालाकार ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कि शिखा ठाकुर ने गांव नलू में गरीब बच्चों के जीवन को सवांरने के लिय जागृति केंद्र शुरू किया, ताकि इन होनहार बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सुव्यवस्थित स्थान मिल सके। यह बच्चे पढना तो चाहते है, पर आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण शिक्षा नहीं ले पाते। विधायक टाक ने कहा कि इस प्रकार के कार्यो से निश्चित तौर पर बच्चों का हौसला बढता है। यह एक अच्छी शुरुआत है। उन्होंने विधायक कोष से हर संभव आर्थिक सहायता राशी उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया। समारोह में हरमाडा सरपंच प्रतिनिधि चेतन चोटिया, पाटन सरपंच प्रतिनिधि तेज सिंह राठौड, पूर्व सरपंच सुखबीर गुर्जर नलू सरपंच प्रतिनिधि हनुमान सिंह, पंचायत समिति सदस्य अरविंद, व जागृति केंद्र के विष्णु चौधरी, कानाराम माली, गिरधारी मीणा, अनिल, उगमाराम, अनीता माली, राजेंद्र सिंह, रतन माली, इंदिरा शर्मा, नीलम कंवर सहित ग्रामीणजन मौजूद थे। संचालन रामरतन जाट व तेजाराम ने किया।

### दो दिव्यांगों को वैशाखी बांटी



**ब्यावर, (निंस)।** अजमेर विकलांग सहायता समिति के ब्यावर ब्लॉक अध्यक्ष लियाकत अली ने शुक्रवार को दो दिव्यांगों को चलने फिरने में हो रही परेशानी को देखते हुए दोनो दिव्यांगों को नई बैसाखी उपलब्ध करा उनकी चलने फिरने की परेशानी को दूर किया। इस सेवा कार्य मे अमृत विकलांग के मोहम्मद सलीम रंगरेज, कन्हैया लाल सिंघाडिया, मुकेश सैनी, बच्चन सिंह रावत आदि उपस्थित थे।

### भामाशाह सुप्रिया चौधरी ने गर्म टोपे बांटे

**ब्यावर, (निंस)।** बडाखेडा के निकट राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय समेल के प्रधानाध्यापक रामस्वरूप चौधरी की धर्मपत्नी सुप्रिया चौधरी की ओर से विद्यालय के समस्त बच्चों को गर्म टोपे वितरित किये। पिछले कुछ दिनों से पड रही कडाके की सर्दी एवं लगातार हो रही बारिश को मद्देनजर रखते हुए गर्म टोपों का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक रामस्वरूप चौधरी ने बताया कि कुछ समय पूर्व विद्यालय के शिक्षकों व भामाशाहों के सहयोग से विद्यालय के लिए साउंड सिस्टम खरीदा गया तथा जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किये गए। इस दौरान नाथू सिंह चौहान, कुशाल सिंह, नाहर सिंह, दिनेश कुमार, मीना वर्मा, सोना कुमारी, विद्याधर खेदड, समाजसेवी मोहन सिंह समेल सहित अन्य उपस्थित थे। इस नेक कार्य की मोहन सिंह पंवार ने सराहना की।

### युवक ने फांसी लगाई, मौत

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के जहाजपुर थाना क्षेत्र के घाटी का बडा गांव में बीती रात को परिजनों से विवाद होने के बाद एक युवक ने घर के पीछे पेड पर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। देर रात तक युवक घर पर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसका तलाश की तो उसका शव फंदे पर लटका मिला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर मोर्चरी भिजवाया। जहां शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। जहाजपुर थाना अधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि गुरुवार देर रात फोन पर सूचना मिली की घाटी का बडा गांव में एक युवक मिलाप सिंह पुत्र रामलाल मीणा ने अपने ही मकान के पीछे पड़ पर फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवक के पेड पर लटक रहे शव को नीचे उतरवा और जहाजपुर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों से पूछताछ में सामने आया है कि युवक रात को अपने घर से झगडा करके निकला था। मृतक गांव में ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक से रोष

**मसुदा, (निसं)।** पंजाब कांग्रेस सरकार द्वारा सुनियोजित ढंग से प्रधानमंत्री की जान खतरे में डालने का जो षडयंत्र किया गया उसके विरोध में भाजपा मंडल मसूदा द्वारा प्रदर्शन किया गया । मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि यह हमला केवल प्रधानमंत्री के पद पर ही नहीं बल्कि लोकतंत्र पर भी था। भाजपा मंडल मसूदा इस आपराधिक षड्यंत्र की कड़ी निंदा करती है और पंजाब की कांग्रेस सरकार के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन किया गया। एवम प्रधानमंत्री जी की लंबी उम्र के लिए राम नाम जप किया गया। मसूदा भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह जी के नेतृत्व मे धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार जोशी,एण मोर्चा मंडल अध्यक्ष जसराज पंवार, कमलेश चौधरी, दिलदार सिंह राठोड ,प्रीतम चोधरी, करण चोधरी, रामस्वरूप चोधरी, नरेंद्र सिंह रावत, गजराज रावत ,महावीर सिंह व सांवर सिह आदि सभी भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे ।

### वेक्सिनेशन सेंटर का निरीक्षण

**मांडलगढ, (निसं)।** राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय मांडलगढ पर संचालित वेक्सिनेशन सेंटर में 15 से 18 वर्ष की उम्र के बच्चों का वैक्सिनेशन किया गया। सेंटर का विधायक गोपाल खंडेलवाल ने निरीक्षण किया। विधायक ने वैक्सिनेशन टीम का उत्साह वर्धन कर वैक्सिनेशन की गति बढाने के निर्देश दिए। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर गोपाल यादव ने बताया कि 100 प्रतिशत वैक्सिनेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वंचित लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। डॉ यादव ने बताया कि वैक्सिनेशन प्रभारी संदीप भाटिया, मेडिकल टीम से वैक्सीनेटर इरफान कायमखानी, गोविंद धोबी, उमा शंकर धाकड, सुमन धाकड, मीना धाकड, प्रमिला सुनानी, कमला लुहार कॉविड स्वास्थ्य सहायक द्वारा टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। प्रभारी मोहिनी चौधरी ने बताया कि विगत 3 दिवस में कुल 393 बच्चो का टीकाकरण किया गया। शेष छात्र छात्राओं टीकाकरण जारी है।

### जिला जन अभियोग समिति की बैठक

**भीलवाडा, (निसं)।** कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को जिला कलेक्टर शिवप्रसाद एम नकाते के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन डॉ राजेश गोयल की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक राजीव गांधी सेवा केन्द्र में वीसी के माध्यम से आयोजित हुई। बैठक में गोयल ने दस्तावेजों की पूर्ण रूप से जांच कर परिवादियों की समस्याओं के निस्तारण को कहा। जिला सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा के बाद प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर परिवादियों को राहत प्रदान की गई। बैठक में जिला परिषद सीईओ शिल्पा सिंह, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जोधा, भीलवाडा उपखण्ड अधिकारी ओम प्रभा, नगर विकास न्यास अधीक्षण अभियंता संजय माथुर सहित अन्य अधिकारीगण तथा समस्त उपखंड अधिकारी वीसी के माध्यम से जुडे।



यह कोच चाहते थे की मै सत्रह का कम से कम 80 प्रतिशत समय उनके देश में बिताउ और यह शर्त मुझे स्वीकार नहीं थी। मैं आधा समय बिताने को तैयार था लेकिन कोई भी भारत आने को तैयार नहीं था। इसलिए मैंने भारतीय कोच के साथ ट्रेनिंग करने का फैसला लिया -बजरंग पुनिया

भारतीय पहलवान, भारत में अभियास को लेकर

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



**डेविड वॉर्नर**

सनराइजर्स हैदराबाद ने जिस तरह से वॉर्नर को टीम से निकाला, वह उससे खुश नहीं थे। उन्होंने कई बार सोशल मीडिया पर इसको लेकर अपना नाराजगी भी जाहिर की है। डेविड वॉर्नर ने एक शो में बातचीत के दौरान कहा, अगर आप एक कप्तान को ड्राप कर रहे हैं और फिर उसे टीम में शामिल नहीं कर रहे, जिसने आपकी टीम के लिए इतना कुछ किया हो तो आप टीम में मौजूद युवा खिलाड़ियों को क्या मैसेज दे रहे हैं? ग्रुप में मौजूद सदस्यों को क्या मैसेज जाएगा? मुझे सबसे ज्यादा दुख इस बात का है कि दूसरे लोग अब सोच रहे हैं, ओह, मेरे साथ ऐसा हो सकता है।

क्या आप जानते हैं ?... पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदे फेंककर एख ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# बेयरस्टो का नाबाद शतक लेकिन इंग्लैंड पर पिछड़ने का खतरा

सिडनी, 07 जनवरी। जानी बेयरस्टो (नाबाद 103) के शानदार शतक के बावजूद इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे एशेज टेस्ट मैच में पहली पारी में पिछडने का खतरा मंडरा रहा है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में सात विकेट खोकर 258 रन बना लिए हैं और वह अभी पहली पारी में 158 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 416 रन बनाये थे।

तीसरे दिन स्टंप्स पर बेयरस्टो के साथ जैक लाच चार रन बनाकर क्रीज पर हैं। बेयरस्टो का यह नौवां टेस्ट शतक था और उन्होंने अपनी शतकीय पारी के लिए 140 गेंदें खेलीं जिसमें उन्होंने आठ चौके और तीन छक्के लगाए। उन्होंने बेन स्टोक्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 128 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर इंग्लैंड को फॉलोआन के खतरे से बचाया। स्टोक्स ने 91 गेंदों पर 66 रन में नौ चौके और एक छक्का लगाया।

जोस बटलर खाता खोले बिना शून्य पर आउट हो गए। बटलर का विकेट 175 के स्कोर पर गिरा। लेकिन बेयरस्टो ने मार्क वुड के साथ सातवें विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी की। वुड ने 41 गेंदों पर 39 रन में दो चौके और तीन छक्के लगाए।

इंग्लैंड ने सुबह बिना कोई विकेट खोये 13 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन 36 रन तक जाते जाते उसने चार विकेट गंवा दिए और वह गहरे संकट में फंस गया। हसीब हमीद छह, जैक क्रौली 18, कप्तान जो रुट शून्य और डेविड मलान तीन रन बनाकर आउट हुए। लेकिन इसके बाद



बेयरस्टो के शतक ने इंग्लैंड को संकट से बाहर निकाला। ऑस्टरकीया की तरफ से कप्तान पेट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि मिशेल स्टार्क, कैमरून ठीन और नाथन लियोन ने एक-एक विकेट लिया।

# भारत को तीसरे टेस्ट से पहले लगा झटका, मोहम्मद सिराज के खेलने पर सस्पेंस

नई दिल्ली, 07 जनवरी। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जनवरी से केपटाउन में शुरू होने वाले तीसरे और निर्णायक टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध है। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दूसरे टेस्ट मैच की समाप्ति पर कहा कि सिराज पूरी तरह फिट नहीं है। सिराज ने दूसरे मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण पूरे मैच में केवल 15.5 ओवर गेंदबाजी की। दूसरी पारी में तो वह केवल छह ओवर ही कर पाए थे। द्रविड ने संवाददाताओं से कहा, सिराज पूरी तरह से फिट नहीं है और हमें आगे जाकर उसकी फिटनेस का



आकलन करना होगा कि अगले चार दिन में वह फिट हो पाएगा या नहीं। फिजियो स्कैन होने के बाद सही स्थिति बता पाएगा। कोच ने चोटिल होने के बावजूद गेंदबाजी करने के लिये सिराज की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, सिराज पहली पारी में भी पूरी तरह से फिट नहीं था। हमारे पास पांचवां गेंदबाज था और उसका हम वैसा उपयोग नहीं कर पाये जैसा चाहते थे और इससे हमारी रणनीति प्रभावित हुई। यदि सिराज तीसरे मैच में नहीं खेलते हैं तो उमेश यादव और इशांत शर्मा में किसी एक को प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी। हनुमा विहारी भी दूसरे मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। द्रविड़ ने कहा, जहां तक हनुमा विहारी की चोट का सवाल है तो मैं उनकी चोट के बारे में ज्यादा बताने की स्थिति में नहीं हूं क्योंकि मेरी फिजियो से इस बारे में विस्तृत बातचीत नहीं हुई।

# बार्टी सेमीफाइनल में, नडाल वॉकओवर से आगे बढ़े

मेलबर्न, सात जनवरी शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी ऐश बार्टी 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सोफिया केनिन पर 6-3 6-4 की जीत से एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयीं जबकि राफेल नडाल ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम की तैयारियों के लिये आयोजित टूर्नामेंट में वॉकओवर से अगले दौर में जगह बनायी।

बार्टी दो साल पहले मेलबर्न पार्क में आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में केनिन से हार गयी थीं। अब 2021 विम्बलडन चैम्पियन बार्टी का सामना शनिवार को दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियातेक के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। सातवीं वरीय एलीना रेबाकिना ने शेल्बी रोजर्स को 3-6 6-3 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीस बार के एकल ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल कोर्ट में उतरे बिना ही अगले दौर में पहुंच गये। उनके प्रतिद्वंद्वी नीदरलैंड के टालोन ग्राक्सपूर ने मैच से हटने का फैसला किया।

## स्कींग एथलीट आरिफ खान टॉप्स में शामिल

नयी दिल्ली, 07 जनवरी। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार को अल्पाइन स्कीइंग एथलीट मोहम्मद आरिफ खान को शीतकालीन ओलंपिक तक टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) कोर ग्रुप में शामिल करने की मंजूरी दे दी। चीन के बीजिंग में चार से 20 फरवरी तक होने वाले शीतकालीन ओलंपिक 2022 में आरिफ स्लैलम और जायंट स्लैलम स्पर्धाओं में भाग लेंगे। यूरोप में प्रशिक्षण और चीन में ओलंपिक खेलों से पहले उपकरणों की खरीद के लिए टॉप्स के तहत अल्पाइन स्कीयर के लिए 17.46 लाख रुपए की राशि को भी स्वीकृत दी गई है। जम्मू-कश्मीर के रहने वाले 31 वर्षीय आरिफ ने दुबई में एक प्रतियोगिता में स्लैलम इवेंट के लिए कोटे के तहत स्थान हासिल किया था।

# स्टंप पर लगी रफ्तार वाली गेंद, फिर भी आउट नहीं हुए स्टोक्स

सिडनी, 07 जनवरी। इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन स्टोक्स का आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे एशेज टेस्ट में भाग्य ने साथ दिया जो कैमरन ग्रीन की गेंद स्टंप पर लगने के बावजूद वह आउट नहीं हुए लेकिन इस घटना ने महान क्रिकेटर शेन वार्न और सचिन तेंदुलकर को संभावित नये नियम शुरू करने पर चर्चा करने के लिये बाध्य कर दियायह घटना शुक्रवार को चौथे एशेज टेस्ट के तीसरे दिन घटी जब आस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रीन की कोण लेती गेंद स्टोक्स के ऑफ स्टंप से टकरा गयी। इससे गिल्लियां हिलीं, पर गिरी नहीं और जस की तस बनी रहीं। मैदानी अंपायर ने रैफरल के लिये पूछा क्योंकि गिल्लियां अपने स्थान से नहीं हटीं थी और स्टंप पर गेंद लगने के बावजूद स्टोक्स को नॉट आउट करार दिया गया। उन्होंने 66 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

तेंदुलकर ने इस पर वार्न को टैग करते हुए ट्वीट किया, क्या इसके लिये हिटिंग द स्टंप्स का एक नियम शुरू कर देना चाहिए जिसमें गेंद स्टंप को हिट करे लेकिन गिल्लियां नहीं गिरें? आपको क्या लगता है? गेंदबाजों के लिये निष्पक्ष होना चाहिए। वार्न ने मजाक में कहा कि इस पर बहस की जरूरत है। वार्न ने उत्तर दिया, दिलचस्प बात और दोस्त इस पर बहस हो सकती है। मैं चर्चा के लिये इसे विश्व क्रिकेट समिति में ले जाऊंगा और फिर आपको बताता हूं। आज जैसा हुआ, ऐसा कभी नहीं देखा - ग्रीन की गेंद की रफ्तार 142 किमी प्रति घंटा थी और यह स्टंप पर काफी तेजी से लगी थी। हालांकि एक अन्य पूर्व स्टाइलिश आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेमियन मार्टिन ने तेंदुलकर के प्रस्ताव पर सीधे, नहीं कह दिया। हालांकि गिल्लियों के नहीं गिरने ने सभी को हैरान कर दिया जिसमें पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग भी शामिल थे।

पोंटिंग ने चैनल 7 से कहा, मैंने इस तरह की गेंद के साथ ऐसा (गिल्लियों का नहीं गिरना) होते हुए नहीं देखा। उन्होंने कहा, इसने वास्तव में स्टंप को थोड़ा एक तरफ को हिलाया था। लेकिन गिल्लियां हिलने के बावजूद अपनी जगह पर जस की तस बनी रहीं।

## बोपन्ना-रामनाथन एडिलेड इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में, सानिया बाहर

एडिलेड, 07 जनवरी। रोहन बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करते हुए एडिलेड इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि भारतीय स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। बोपन्ना और रामनाथन ने पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल एटीपी 250 स्पर्धा में बेंजामिन बोन्जी और ह्यूगो न्यास की फ्रांस-मोनागास्क की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-1, 6-3 से हराया। बोपन्ना और रामनाथन की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी का अब आठ जनवरी को सेमीफाइनल में टोमिस्लाव ब्रिकिक और सैंटियागो गोंजालेज की चौथी वरीयता प्राप्त बोस्नियाई-मैक्सिकन जोड़ी से सामना होगा।

# दानुष्का गुणातिलका ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

कोलंबो, 07 जनवरी। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध का सामना कर रहे श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज दानुष्का गुणातिलका ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। वह हालांकि पांच महीने बाद प्रतिबंध पूरा करने के बाद अन्य प्रारूपों में खेलना जारी रखेंगे।

गुणातिलका ने आखिरी बार 2018 में श्रीलंका के लिए एक टेस्ट मैच खेला था और उनकी लगातार विफलताओं ने उन्हें टेस्ट प्रारूप में टीम से बाहर रखा। हाल ही में श्रीलंकाई बल्लेबाज भानुका राजपक्षे के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले के बाद गुणातिलका का संन्यास श्रीलंका के लिए एक और झटका है।

30 वर्षीय गुणातिलका ने अचानक संन्यास के फैसले के पीछे वर्तमान में श्रीलंकाई क्रिकेट के फिटनेस स्तर की मांग को वजह बताया है। दरअसल श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में दो किमी टेस्ट के लिए बेंचमार्क में बदलाव करते हुए इसका समय आठ मिनट 53 सेकेंड से कम करके आठ मिनट 10 सेकेंड तक कर दिया है। समझा जाता है कि इस बदलाव ने राजपक्षे के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले में भी एक प्रमुख भूमिका निभाई थी।

सलामी बल्लेबाज गुणातिलका ने एक बयान में कहा, अपने देश के लिए खेलना हमेशा एक सम्मान की बात रही है और मुझे उम्मीद है कि जब भी मुझे ऐसा करने के लिए कहा जाएगा, मैं श्रीलंका का प्रतिनिधित्व करना जारी रख कर भविष्य में अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता में योगदान दूंगा। उल्लेखनीय है कि गुणातिलका पर पिछले साल जून में इंग्लैंड दौरे के दौरान बायो-बबल उल्लंघन के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाया गया था और तब से वह प्रतिबंध का सामना कर रहे थे। उनके साथ कुशल मेंडिस और निरोशन डिकवेला भी प्रतिबंध लगा था। बाएं हाथ के बल्लेबाज गुणातिलका ने श्रीलंका के लिए अब तक सिर्फ आठ टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 18.7 के औसत से 299 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में सिर्फ दो अर्द्धशतक लगाए हैं।

## अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी ( नॉक आउटदौर ) के लिए राजस्थान टीम रवाना

जयपुर 7 जनवरी, बीसीसीआई की अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी के पुणे में खेले जा रहे नॉक आउटदौर में भाग लेने के लिए आज राजस्थान टीम रवाना हुई। राजस्थान टीम पहले ही अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी के क्वाटर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी है वक्वाटरफाइनल मैच दिनांक 11 जनवरी 2022 से खेला जायेगा।

**अंडर 19 क्वाटरकूच बिहार ट्रॉफी के नॉक आउटदौर के लिए राजस्थान टीम :-** धर्मेंद्र सैनी, सुमित गोदारा, देव यादव, जयेश पंडिता, राज शर्मा, अनिरुद्ध सिंह, निखिल सचदेव, करण सिंह राणावत, मुकुल चौधरी, हर्षवर्धन दुसाद, कुणाल सिंह राठौर, राजीव दुकतावा, अनस मलिक, अक्षत मेहता, हिंमांशु नेहरा, ऋतिक औदीच्या, शिवम् ओझा, राहुल जाट, प्रवीण चौधरी, मो सा, पुष्पेंद्र सिंह राठौर।

# जोकोविच के बाद ऑस्ट्रेलिया अन्य टेनिस खिलाड़ियों के वीजा की भी कर रहा जांच

मेलबोर्न, 07 जनवरी। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया में कोरोना प्रोटोकॉल के तहत रोके जाने से उठे बवाल के बीच ऑस्ट्रेलिया सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के लिए बाहर से आए अन्य टेनिस खिलाड़ियों के वीजा और वैक्सीन स्टेटस की भी जांच कर रही है। ऑस्ट्रेलिया की गृह मंत्री करेन एंड्रयूज ने समाचार चैनल नाइन न्यूज से कहा, हमें खुफिया सूचनाओं से संकेत मिला है कि कुछ और ऐसे विदेशी खिलाड़ी हैं जो ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाए हैं और हम इसकी जांच कर रहे हैं।

उन्होंने हालांकि ऐसे खिलाड़ियों की संख्या या उनकी पहचान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। सुश्री एंड्रयूज ने स्पष्ट किया कि स्टार टेनिस खिलाड़ी जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया में बंदी नहीं बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी समय वापस जाने के लिए स्वतंत्र हैं, यह उन निर्भर है कि वह कब लौटना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल (एबीएफ) उन्हें इसकी सुविधा प्रदान करेगा। गृह मंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश के नियम टेनिस खिलाड़ियों सहित सभी व्यक्तियों पर लागू होते हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश के नियम के मुताबिक विदेशों से आने वाले लोगों को या तो कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगे होने चाहिए या उनके पास इस बात का स्वीकार्य प्रमाण होना चाहिए कि उन्हें चिकित्सा कारणों से वैक्सीन नहीं लगाई जा सकती है। ये नियम प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ियों सहित किसी के लिए भी नहीं झुकेंगे। उल्लेखनीय है कि जोकोविच को फिलहाल मेलबोर्न में अप्रवासियों के लिए बने डिटेंशन होटल में रखा गया है। उन्होंने उनके वीजा रद्द करने के ऑस्ट्रेलियाई सरकार के फैसले को कोर्ट में चुनौती दी है, जिसकी सुनवाई ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट शुरू होने से एक हफ्ते पहले सोमवार को होगी।

# यूपी योद्धा दबंग दिल्ली के खिलाफ वापसी करने को तैयार

बेंगलुरू, 07 जनवरी। जीएमआर ग्रुप की पीकेएल खेलने वाली फ्रेंचाइजी, यूपी योद्धा शनिवार को लीग में अब तक टॉप पर बनी हुई दबंग दिल्ली के.सी. के खिलाफ भिडने को तैयार है। वर्तमान में यूपी योद्धा 14 अंकों के साथ अंक तालिका में 9वें स्थान पर है जबकि दबंग दिल्ली 26 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज़ है।

इस समय सुरेंद्र गिल और स्टार रेडर प्रदीप नरवाल यूपी योद्धा के लिए टॉप फॉर्म में हैं, जबकि नितेश और सुमित ने टीम के लिए डिफेंस की कमान अच्छे से संभाल रखी है। उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली फ्रेंचाइजी, यूपी योद्धा दिल्ली के विरुद्ध भिड़ंतों में अपने प्रतिद्वंदी पर काफी अधिक हावी रही है। यूपी योद्धा ने पीकेएल में अब तक पांच बार दबंग दिल्ली का सामना किया है, जिसमें योद्धाओं ने चार बार जीत हासिल की, जबकि दिल्ली को सिर्फ एक बार जीत मिली है। इस मैच में सभी की नज़रें यूपी योद्धा के सुरेंद्र गिल पर टिकी रहेंगी जिन्होनें अभी तक 46 रेड पॉइंट और 2 सुपर रेड के साथ अद्भुत खेल का प्रदर्शन किया है। वहीं दबंग दिल्ली की ओर से नवीन कुमार अब तक के सीजन के सर्वश्रेष्ठ रेडर रहे हैं, जिनके पास बड़े पैमाने पर 108 रेड पॉइंट हैं। मैच से पहले यूपी योद्धा के हेड कोच जसवीर सिंह ने कहा, कभी-कभी मैच के परिणामों से हम फॉर्म का अंदाज़ा नहीं लगा सकते हैं और यही खेल है। पिछले गेम से हमारे नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे लेकिन मैं अपने लड़कों के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। दूसरे हाफ में जिस तरह से उन्होंने खेल को पलटने के लिए संघर्ष किया, वह उनके दृढ़ संकल्प और गुणवत्ता का एक बड़ा प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हम एक टीम के रूप में दबंग दिल्ली के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे।

# पहली पारी में बड़ा स्कोर नहीं बनाने की कीमत चुकानी पड़ी

जोहानसबर्ग, 07 जनवरी। दक्षिण अफ्रीका केखिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत के कप्तान रहे लोकेश राहुल का मानना है कि टीम को पहली पारी में बड़ा स्कोर नहीं खड़ा करने की क़ीमत चुकानी पड़ी। मैच की समाप्ति के बाद राहुल ने कहा कि टीम पहली पारी में 60-70 रन पीछे रह गई।

राहुल ने मैच के बाद प्रेज़ेंटेशन में कहा, "कठोर होकर कहूं तो टॉस जीतने के बाद पहली पारी में हम 60 या 70 रन और बना सकते थे। ऐसा होता तो दूसरी पारी में हमारे पास 50-60 रनों की बढ़त होती और वह रन महत्वपूर्ण साबित होते।"

पहली पारी में राहुल के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज़ 50 का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। सातवें नंबर पर बल्लेबाज़ी करने उतरे रविचंद्रन अश्विन अगर 46 रनों की आक्रामक पारी नहीं खेलते तो शायद टीम 202 तक भी नहीं पहुंचती। असमतल उछाल वाली यह पिच कतई आसान नहीं थी लेकिन भारत का वह स्कोर इस पूरे मैच का न्यूनतम स्कोर रहा। साउथ अफ्रीका ने 27 रनों की बढ़त ली जिसके चलते उन्हें चौथी पारी में 240 रनों का लक्ष्य मिला। कप्तान डीन एल्गर ने एक साहसी पारी खेली, अपने शरीर पर गेंदें खाई और अंत में नाबाद 96 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

दूसरी पारी में भी भारत ने 155 पर दो विकेट की बढ़िया स्थिति से फिसलते हुए 184 के स्कोर पर छह विकेट गंवा दिए थे। गेंद के साथ दक्षिण अफ्रीका में किसी भारतीय द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शार्दुल ठाकुर ने एक तेज़-तर्रार पारी खेलकर टीम को परेशानी से बाहर निकाला। राहुल ने शार्दुल की प्रशंसा करते हुए कहा, "शार्दुल के लिए यह एक बढ़िया टेस्ट मैच रहा। उन्होंने हर बार अपनी छाप छोड़ी है और हमें मैच जिताए हैं। मैं उनकी गेंदबाज़ी से बहुत प्रसन्न हूं। उन्होंने बल्ले से भी अहम योगदान दिया और हमें मैच जीतने का मौक़ा दिया।" ठाकुर की तूफ़ानी पारी से पहले चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्या रहाणे ने तीसरे विकेट के लिए 111 रन जोड़े। दोनों ने ताबड़तोड़ अंदाज़ से बल्लेबाज़ी की और अपने अर्धशतक पूरे किए। इस पारी का मोल और बढ़ जाता है क्योंकि इससे पहले टीम में उनके स्थान पर सवालिया निशान उठाए जा रहे थे। टीम प्रबंधन की तरह राहुल ने भी अपने अनुभवी बल्लेबाज़ों का समर्थन किया। "वह हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने कई वर्षों तक टीम के लिए अपना योगदान दिया है"।

राहुल ने कहा, "उनपर दबाव था लेकिन इस टीम में हमें लगता है कि वह मध्यक्रम में हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ हैं। हम हमेशा उनके साथ थे और अपने प्रदर्शन से उन्होंने दर्शाया कि वह हार मानने वालों में से नहीं है। हमें पूरा विश्वास था कि वह ऐसा कर सकते हैं।"

## श्रीलंका ने गुणातिलका, डिकवेला और मेंडिस से प्रतिबंध हटाया

कोलंबो, 07 जनवरी। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को तीन राष्ट्रीय खिलाड़ियों दानुष्का गुणातिलका, कुशल मेंडिस और निरोशन डिकवेला पर लगाया गया एक साल का प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटा लिया।

श्रीलंका के जून 2021 में इंग्लैंड दौरे के दौरान डरहम में बायो-बबल प्रोटोकॉल के उल्लंघन के दोषी पाए जाने के बाद तीनों को जुलाई में निलंबित किया गया था, लेकिन अब प्रतिबंध हटने के बाद तीनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में चयन के लिए उपलब्ध हैं।

श्रीलंका क्रिकेट ने एक बयान में कहा, ये निर्णय तीनों खिलाड़ियों द्वारा हमसे उन पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने के अनुरोध के बाद लिया गया है। खिलाड़ियों के अनुरोध के बाद हमने निलंबन अवधि के दौरान उन्हें परामर्श देने के लिए बोर्ड द्वारा नियुक्त किए गए डॉक्टर से उनकी रिपोर्ट प्राप्त की और उनकी याचिका पर विचार किया।

# जोकोविच ने होटल में मनाया 'आर्थोडॉक्स क्रिसमस मेलबर्न

सात जनवरी दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रूढिवादी क्रिसमस (आर्थोडॉक्स क्रिसमस) आस्ट्रेलियाई आव्रजन विभाग के होटल में मनाया जहां वह निर्वासन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई में जुटे हैं।

उन्हें सर्बिया से परिजनों और राष्ट्रपति ने भी फोन करके उनका मनोबल बढाया। मेलबर्न में होली ट्रिनिटी सर्बियाई आर्थोडॉक्स चर्च के एक पादरी ने आव्रजन अधिकारियों से अनुमति लेकर इस पर्व के मौके पर जोकोविच से मुलाकात की। कई रूढ़िवादी ईसाई ईसा मसीह के जन्म को याद करने के लिये हर साल सात जनवरी को या इसके आसपास 'क्रिसमस डे' मनाते हैं जिसे आर्थोडॉक्स क्रिसमस कहा जाता है। चर्च के डीन मिलोराड लोकार्ड ने आस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन से कहा, " हमारा क्रिसमस कई परंपराओं से जुड़ा है और ऐसे में एक पादरी का उससे मिलना महत्वपूर्ण था।"

उन्होंने कहा, " उसे कैद में क्रिसमस मनाना पड़ा। यह काफी दुखद है। कोई सोच भी नहीं सकता।" मेलबर्न में शरणार्थियों और राजकीय संरक्षण के इच्छुक लोगों को रखने वाले पार्क होटल के बाहर जोकोविच के समर्थक झंडे और बैनर लेकर जमा हुए थे। उनके साथ मानवाधिकार कार्यकर्ता भी थे। जोकोविच को कड़े कोरोना टीकाकरण नियमों में मेडिकल छूट के लिये जरूरी शर्तें पूरी नहीं करने के कारण आस्ट्रेलिया में प्रवेश नहीं दिया गया और उनका वीजा भी रद्द कर दिया गया है। ऐसे में रिकॉर्ड 21वां ग्रैंडस्लैम जीतने की तैयारी करने की बजाय वह वीजा रद्द होने और निर्वासन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में उनके विरोधी रहे लोग भी अब उनका समर्थन कर रहे हैं। टीकाकरण को लेकर जोकोविच की राय का विरोध करने वाले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस ने कहा, " मैने दूसरों के लिये टीका लगवाया। अपनी मां की सेहत को ध्यान में रखकर टीका लगवाया। मैं मानता हूं कि कार्रवाई करनी चाहिये लेकिन जिस तरह से नोवाक के साथ किया जा रहा है, वह बहुत बुरा है।" उन्होंने कहा, " वह महानतम चैम्पियन में से है लेकिन है तो इंसान ही।"

## टॉप-फोर के लिए होगी बागान और ओड़िसा में जंग

फातोरदा, 07 जनवरी। एटीके मोहन बागानका लक्ष्य अंक तालिका में अपने बढ़ाव को जारी रखने होगा, जिसके लिए महरून एंड ग्रीन ब्रिगेड को हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 में ओडिसा एफसी के रूप में ऐसे प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ेगा, जो आत्मविश्वास से लबालब है। इन दोनों टीमों के बीच यह जंग शनिवार को फातोरदा स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में होगी। कोच जुआन फेर्रांडो की देखरेख में मोहन बागान ने कोई मैच नहीं हारा है।

